# बुंदेलखंड में 91,000 करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी**

- **318 प्रोजेक्ट तैयार, जिलाधिकारी ने की जांच पूरी**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** बुंदेलखंड में औद्योगिक निवेश के लिए 91,000 करोड़ रुपये के 318 प्रोजेक्टों को अमली जामा पहनाने की तैयारी की जा रही है। संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और उद्योग मित्र ने 264 प्रोजेक्टों की जांच का काम पूरा कर लिया है। बुंदेलखंड में 106 उद्योगपतियों ने जमीन आवंटन के लिए आवेदन कर दिया है। इन्हें जमीन उपलब्ध करवाने की तैयारी की जा रही है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड क्षेत्र में निवेश को लेकर जेबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) की तैयारियों संबंधी समीक्षा बैठक की।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन उद्यमियों ने जमीन के लिए आवेदन कर दिया है उन्हें जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध करवाई जाए। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान बुंदेलखंड में निवेश के लिए आए प्रस्तावों के मद्देनजर बुंदेलखंड क्षेत्र को 1,45,000 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य मिला था। इसके सापेक्ष 91,760 करोड़ के निवेश धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए कुल 318 प्रोजेक्ट तैयार हैं। इसमें से 167 प्रोजेक्ट को उद्यमी मित्र और 97 प्रोजेक्ट की जिलाधिकारी जांच कर चुके हैं।

वहीं झांसी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 65,000 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य दिया गया था। इसके सापेक्ष 61,352 करोड़ का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। इसी तरह चित्रकूट ने 7,000 करोड़ के सापेक्ष 6,517 करोड़ का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। बांदा ने 1,000 करोड़ के सापेक्ष 585 करोड़ का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जालौन ने 10,000 करोड़ के मुकाबले 7,016 करोड़ का लक्ष्य पूरा कर लिया है।